"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई. दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 649] नवा रायपुर, बुधवार, दिनांक 28 अक्टूबर 2026 — कार्तिक 6, शक 1948

श्रम विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 28 अक्टूबर 2026

अधिसूचना

क्रमांक RULE-5/15/2026-LABOUR.— मजदूरी संहिता, 2019 (2019 का सं. 29) की धारा 67 की उप–धारा (1) के अधीन आपेक्षित मजदूरी संहिता (छत्तीसगढ़) नियम 2026 का प्रारूप छत्तीसगढ़ के राजपत्र असाधारण क्रमांक 183 में दिनांक 13 अप्रैल 2026 द्वारा उन सभी व्यक्तियों जिनकी इनसे प्रभावित होने की संभावना, से उस दिनांक जिससे उक्त अधिसूचना अंतर्विष्ट करने वाली राजपत्र की प्रकाशित प्रतियां जनता को उपलब्ध करायी गयी थी, से 45 दिन की अवधि के समाप्ति से पहले आपत्ति और सुझाव आमंत्रित करते हुए, प्रकाशित किया गया था;

और उक्त राजपत्र की प्रतियां जनता को दिनांक 13 अप्रैल 2026 को उपलब्ध करा दी गयी थी;

और उक्त प्रारूप नियमों के संबंध में व्यक्तियों और हितधारकों से प्राप्त सुझाव और आपत्तियों पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सम्यक रूप से विचार कर लिया गया है;

अतः निम्नलिखित के प्रतिस्थापन में –

1. न्यूनतम वेतन (छत्तीसगढ़) नियम, 1958; एवं
2. छत्तीसगढ़ वेतन भुगतान नियम, 1962

उन बातों को छोड़कर जिन्हें ऐसे प्रतिस्थापन से पूर्व किया गया है या किए जाने का लोप किया गया है, और मजदूरी संहिता, 2019 (2019 का सं. 29) की धारा 67 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:–

नियम
अध्याय–एक
प्रारंभिक

1. संक्षिप्त नाम, विस्तार तथा प्रारंभ.– (1) ये नियम, मजदूरी संहिता (छत्तीसगढ़) नियम, 2026 कहलायेंगे।

(2) इसका विस्तार संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में होगा।

(3) ये नियम राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएँ.– (1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,–

(क) ''प्राधिकारी'' से अभिप्रेत है, धारा 45 की उप–धारा (1) के अधीन राज्य शासन द्वारा नियुक्त प्राधिकारी;

(ख) "अपीलीय प्राधिकारी" से अभिप्रेत है, धारा 49 की उप–धारा (1) के अधीन राज्य शासन द्वारा नियुक्त अपीलीय प्राधिकारी;

(ग) "अपील" से अभिप्रेत है, धारा 49 की उप–धारा (1) के अधीन प्रस्तुत की गई अपील;

(घ) "मण्डल" से अभिप्रेत है, धारा 42 की उप–धारा (4) के अधीन राज्य शासन द्वारा गठित छत्तीसगढ़ राज्य सलाहकार मंडल;

(ङ) "अध्यक्ष" से अभिप्रेत है, मण्डल का अध्यक्ष;

(च) "संहिता" से अभिप्रेत है, मजदूरी संहिता, 2019 (2019 का सं. 29);

(छ) "समिति" से अभिप्रेत है, धारा 8 की उप–धारा (1) के खंड (क) के अधीन राज्य शासन द्वारा नियुक्त समिति;

(ज) "दिन" से अभिप्रेत है, मध्य रात्रि से प्रारंभ होने वाली 24 घंटे की अवधि;

(झ) ''इलेक्ट्रानिक रूप से'' अभिप्रेत है, संहिता के प्रयोजनों के लिए, ईमेल द्वारा प्रस्तुत की गई, या निर्दिष्ट पोर्टल, मोबाइल एप्लीकेशन, वेबसाईट पर रखी गई या प्रदर्शित की गई, या किसी भी माध्यम से किया गया डिजिटल भुगतान संबंधी जानकारी।

(ञ) "परिवार" में सम्मिलित है, एक कर्मचारी/श्रमिक के निम्नलिखित सभी या कोई भी रिश्तेदार, अर्थात्:–

(1) पति/पत्नी;

(2) अवयस्क संतान (जिसमें दत्तक संतान शामिल है), जो कर्मचारी पर आश्रित हो;

(3) संतान, जो कर्मचारी/श्रमिक की आय पर पूर्णतः निर्भर हो, और जो :–

(एक) पूर्ण शिक्षा प्राप्त करने तक या उसकी इक्कीस वर्ष की आयु प्राप्त करने तक; एवं

(दो) अविवाहित पुत्री;

(4) कोई संतान, जो किसी शारीरिक अथवा मानसिक विकृति अथवा चोट के कारण अशक्त हो, और जो कर्मचारी की आय पर पूरी तरह आश्रित हो, जब तक कि उसकी अशक्तता बनी रहती है;

(5) आश्रित माता–पिता (जिसमें सास–ससुर शामिल है):

परन्तु यह कि किसी अन्य व्यक्ति के कर्मचारी/श्रमिक पर आजीविका के लिए आश्रित होने की दशा में, निर्भरता को साबित करने हेतु साक्ष्य प्रस्तुत किया जा सकता है।

(ट) "प्ररूप" से अभिप्रेत है, इन नियमों में संलग्न प्ररूप;

(ठ) ''शासन'' से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ शासन;

(ड) ''भौगोलिक क्षेत्र'' से अभिप्रेत है, राज्य शासन द्वारा समय–समय पर ऐसे अधिसूचित क्षेत्र;

(ढ) "अत्यधिक कुशल व्यवसाय" से अभिप्रेत है, वह व्यवसाय, जिसमें इसके निष्पादन में विशिष्ट स्तर की उत्कृष्टता की मांग होती है और एक पर्याप्त अवधि के लिए गहन तकनीकी अथवा व्यावसायिक प्रशिक्षण अथवा व्यावहारिक व्यावसायिक अनुभव के माध्यम से अर्जित क्षमता अपेक्षित होती है और साथ ही कर्मचारी से यह अपेक्षा भी होती है कि ऐसे व्यवसाय के निष्पादन में शामिल अपने मत या निर्णय के लिए संपूर्ण जिम्मेदारी स्वीकार करें;

(ण) ''निरीक्षक–सह–सुविधाप्रदाता" से अभिप्रेत है, धारा 51 की उप–धारा (1) के अंतर्गत, अधिसूचना द्वारा, राज्य शासन द्वारा नियुक्त व्यक्ति;

(त) "सदस्य" से अभिप्रेत है, मण्डल का सदस्य और जिसमें इसका अध्यक्ष भी सम्मिलित है;

(थ) ''मजदूरी की सामान्य दर'' से अभिप्रेत है, संहिता की धारा 02 (म) के अधीन यथा – परिभाषित मजदूरी;

(द) ''जनसंख्या'' से अभिप्रेत है, वह जनसंख्या, जो पूर्व जनगणना में निर्धारित की गई है, जिसके संगत आंकड़े प्रकाशित किये गये है;

(ध) ''पंजीकृत व्यवसाय संघ" से अभिप्रेत है, वह व्यवसाय संघ, जो औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 (2020 का 35) के अंतर्गत पंजीकृत है;

(न) "अनुसूची" से अभिप्रेत है, इन नियमों से संलग्न अनुसूची;

(प) "धारा" से अभिप्रेत है, इस संहिता की धारा;

(फ) "**अर्द्धकुशल व्यवसाय**" से अभिप्रेत है वह व्यवसाय, जिसके कार्यान्वयन में कार्य अनुभव द्वारा प्राप्त कौशल का उपयोग अपेक्षित होता है जो कुशल कर्मचारी के पर्यवेक्षण अथवा मार्गदर्शन में प्रयोग किया जा सकता है और उसमें अकुशल व्यवसाय का पर्यवेक्षण भी शामिल है;

(ब) "**कुशल व्यवसाय**" से अभिप्रेत है, वह व्यवसाय, जिसके कार्यान्वयन में कार्य – अनुभव के द्वारा अथवा तकनीकी या व्यावसायिक संस्थान में प्रशिक्षु के रूप में प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त कौशल और दक्षता अन्तर्वलित होती है और जिसके निष्पादन में पहल करने और विवेक की आवश्यकता होती है;

(भ) "**अकुशल व्यवसाय**" से अभिप्रेत है, वह व्यवसाय, जिसके कार्यान्वयन में केवल प्रचालन अनुभव के उपयोग की आवश्यकता होती है और इसमें कोई अतिरिक्त कौशल शामिल नहीं होती है।

(2) शब्द और अभिव्यक्तियां, जो इन नियमों में प्रयुक्त है और परिभाषित नहीं है, के क्रमशः वही अर्थ होंगे, जैसा कि मजदूरी संहिता, 2019 (2019 का सं. 29) में उनके लिए समनुदेशित है।

अध्याय – दो
न्यूनतम मजदूरी

3. **मजदूरी की न्यूनतम दर की गणना करने की रीति**.– (1) संहिता की धारा 6 की उप–धारा (5) के प्रयोजनों के लिए, न्यूनतम मजदूरी दर प्रतिदिन के आधार पर निर्धारित की जायेगी, जो राज्य सरकार द्वारा किसी विशेष या सामान्य आदेश के निर्दिष्ट मापदण्डों के अधीन होगा।

(2) जब एक दिन के लिए मजदूरी की दर नियत की जाती है, तब एक घंटे की दर नियत करने के लिए ऐसी राशि को आठ से भाग और एक महिने के लिए मजदूरी की दर नियत करने के लिए छब्बीस से गुणा किया जाएगा, और ऐसे भाग और गुणा में आधे या आधे से अधिक गुणनखंड को अगले अंक में पूर्णांकित किया जाएगा और आधे से कम गुणनखंड को नजर अंदाज किया जाएगा।

यदि कार्य सप्ताह छः दिनों से कम का हो तो इस प्रकार गणना की गई न्यूनतम मजदूरी की प्रति घंटा दर का उपयोग एक दिन के लिए न्यूनतम मजदूरी निकालने के लिए किया जाएगा।

(3) वस्तु के रूप में भुगतान की गई मजदूरी के नकद मूल्य की गणना में भौगोलिक क्षेत्र में निकटतम बाजार के खुदरा मूल्य को ध्यान रखा जाएगा। यह गणना राज्य शासन और राज्य सलाहकार बोर्ड द्वारा समय–समय पर जारी किए गए निर्देशों के अनुसार की जाएगी।

4. **परिवर्तनशील महंगाई भत्ते के पुनरीक्षण के लिए समय अंतराल**.– श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के श्रम ब्यूरो द्वारा जारी किए गए औसत उपभोक्ता मूल्य

सूचकांक के आधार पर महंगाई भत्ते का पुनरीक्षण वर्ष में दो बार, अर्थात् 1 अप्रैल और 1 अक्टूबर किया जाएगा।

5. **एक सामान्य कार्य दिवस के निर्धारण के लिए कार्य घंटों की संख्या.**—(1) ऐसे कर्मचारी के लिए, जिसकी मजदूरी अवधि दैनिक आधार पर है, सामान्य कार्य दिवस आठ घंटे का होगा और विश्राम का अंतराल उपजीविकाजन्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्यदशा संहिता, 2020 (2020 का 37) के अधीन इस संबंध में जारी अधिसूचना में बताए अनुसार होगा।

(2) ऐसे कर्मचारी के लिए, जिसकी मजदूरी अवधि दैनिक आधार के अतिरिक्त है, सामान्य कार्य दिवस के घंटों की संख्या इस प्रकार निर्धारित की जाएगी कि प्रति सप्ताह कार्य के कुल घंटे अड़तालीस घंटे से अधिक न हों।

6. **साप्ताहिक विश्राम दिवस.**— (1) इस नियम के प्रावधानों के अध्याधीन, यथास्थिति, कर्मचारी या श्रमिक को प्रत्येक सप्ताह एक दिन या एक दिन से अधिक के आराम की अनुमति दी जाएगी। छः दिन सप्ताह के मामले में, विश्राम दिवस आमतौर पर रविवार हो सकता है, और छः दिन से कम सप्ताह के मामले में, इसमें शनिवार और रविवार शामिल होंगे, तथापि नियोक्ता सप्ताह के किसी भी अन्य दिन को किसी कर्मचारी अथवा कर्मचारियों की श्रेणी के लिए विश्राम का दिन नियत कर सकता हैः

परन्तु छः कार्य दिवस सप्ताह या छः से कम कार्य दिवस सप्ताह में, यथास्थिति, ऐसे कर्मचारियों या श्रमिकों के लिए सप्ताह के शेष दिवस वैतनिक अवकाश दिवस होंगेः

परन्तु इसके अलावा कर्मचारी या श्रमिक इस उप–नियम के तहत विश्राम दिवस का हकदार होगा, यदि यथास्थिति, उसने एक ही नियोक्ता के अधीन छः दिन के कार्य सप्ताह में लगातार अवधि में छः दिन अथवा छः दिन से कम कार्य के सप्ताह के मामले में निर्धारित संख्या के कार्य दिवसों को निरंतर अवधि के लिए कार्य किया होः

परन्तु इसके अलावा भी कि कर्मचारी या श्रमिक को, विश्राम दिन के रूप में नियत दिन और बाद में विश्राम दिन में परिवर्तन की सूचना, परिवर्तन प्रभावी होने के पहले इस संबंध में सूचना रोजगार स्थल के विनिर्दिष्ट स्थान पर प्रदर्शित कर दी जाएगी।

स्पष्टीकरण—इस उप–नियम के दूसरे परंतुक में निर्दिष्ट सप्ताह में छह दिनों की निरंतर अवधि या निर्धारित कार्य दिवसों की संख्या की गणना के प्रयोजन के लिए निम्न वे दिन माने जायेंगे, जिस दिन कर्मचारी ने कार्य किया थाः—

(अ) कोई भी दिन जिस पर एक कर्मचारी या श्रमिक को काम के लिए उपस्थित होने की आवश्यकता होती है, लेकिन उसे केवल उपस्थिति के लिए भत्ता दिया जाता है और उसे कार्य नहीं दिया जाता है,

(ब) कोई भी ऐसा दिन जिसमें, किसी कर्मचारी या श्रमिक को औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 (2020 का सं. 35) के अधीन मुआवजे के भुगतान पर ले–ऑफ किया गया हो, और

(स) विश्राम दिन के तुरन्त पहले छः दिन की अवधि या सप्ताह के निर्धारित कार्य दिवस में, जैसा भी हो, नियोक्ता द्वारा कर्मचारी को वेतन सहित या वेतनरहित छुट्टी या अवकाश दी जाती है।

(2) किसी भी कर्मचारी या श्रमिक से विश्राम के दिन कार्य करना अपेक्षित नहीं किया जायेगा या उसे कार्य करने की अनुमति नहीं होगी, जब तक कि उसे विश्राम दिन के तुरंत पहले या बाद में सप्ताह के, कार्य दिवसों में से किसी पूरे एक दिन का वैकल्पिक विश्राम दिवस प्राप्त न हुआ हो या प्राप्त न होना हो:

परन्तु कोई भी प्रतिस्थापन नहीं किया जाएगा, जिसके परिणामस्वरूप कर्मचारी या श्रमिक को एक पूरे दिन के विश्राम दिवस के बिना, लगातार दस दिन से अधिक कार्य करना पड़े।

(3) इस नियम के पूर्ववर्ती प्रावधानों के अनुसार जहाँ कोई भी कर्मचारी या श्रमिक विश्राम के दिन कार्य करता है, और उसे विश्राम दिन के पहले या बाद के कार्य दिवसों में किसी भी दिन प्रतिस्थापित विश्राम दिन दिया जाता है तब विश्राम दिन को, कार्य के साप्ताहिक घंटों की गणना के प्रयोजनार्थ उस सप्ताह में गिना जाएगा, जिसमें प्रतिस्थापित विश्राम दिन आया है।

(4) एक कर्मचारी या श्रमिक को विश्राम दिवस की मजदूरी, अगले दिन से पहले की गई गणना दर पर की जाएगी; और जहाँ वह विश्राम के दिन कार्य करता है और उसे प्रतिस्थापित विश्राम दिवस दिया गया है, तो उसे उस विश्राम के दिन का भुगतान किया जाएगा, जिस दिन उसने कार्य किया था तथा अधिसमय दर एवं प्रतिस्थापित विश्राम दिवस के लिये मजदूरी दर पूर्ववर्ती दिनों के दर पर होगी:

परंतु यह कि 6 दिन के सप्ताह के मामले में जहाँ–

(एक) संहिता के अंतर्गत यथा अधिसूचित कर्मचारी या श्रमिक की मजदूरी की न्यूनतम दर, मजदूरी की न्यूनतम मासिक दर को छब्बीस से भाग करके निकाली गई हो; अथवा

(दो) कर्मचारी की मजदूरी की वास्तविक दैनिक दर, मजदूरी की मासिक दर को छब्बीस से भाग करके निकाली गई है और मजदूरी की ऐसी वास्तविक दैनिक दर कर्मचारी की अधिसूचित न्यूनतम दैनिक दर से कम नहीं है, तब विश्राम दिन के लिए कोई मजदूरी देय नहीं होगी; और

(तीन) यदि कर्मचारी विश्राम दिवस पर काम करता है और उसे वैकल्पिक विश्राम दिवस दिया गया है, तो उसे केवल उसी विश्राम दिवस के लिए जिस दिन उसने काम किया है, ओवरटाईम दर पर देय मजदूरी के बराबर राशि का भुगतान किया जायेगा, यह राशि मजदूरी की सामान्य दर के दोगुने से कम नहीं होगी।

और, यदि इस संबंध में कोई विवाद उत्पन्न होता है कि क्या इस उपबंध के प्रावधानों के अनुसार मजदूरी की दैनिक दर निकाली गई है, तब श्रम आयुक्त, छत्तीसगढ़ अथवा राज्य शासन द्वारा नियुक्त प्राधिकारी इस संबंध में उन्हें किए गए आवेदन पर, संबंधित पक्षों को अपने लिखित अभ्यावेदनों के लिए अवसर देने के पश्चात् उसका निराकरण करेंगे:

परंतु यह और कि यदि कोई कर्मचारी या श्रमिक, मात्रानुपाती (इकाई) दर प्रणाली से संचालित होता है, तब उसे विश्राम दिवस जिसमें वह कार्य करता है, ओवरटाईम की दर से और वैकल्पिक विश्राम दिवस हेतु उसी दर से मजदूरी का भुगतान किया जायेगा जो तत्काल पूर्ववर्ती दिन को लागू हो।

स्पष्टीकरण– इस उप–नियम में 'तत्काल पूर्ववर्ती दिन' से अभिप्रेत है वह अंतिम दिन, जिस दिन कर्मचारी ने कार्य किया है, जो विश्राम दिन या प्रतिस्थापित विश्राम दिन के पहले, जैसी भी स्थिति हो, आता है; और जहाँ प्रतिस्थापित विश्राम दिन, विश्राम दिन के तुरंत अगले दिन आता है तब तत्काल पूर्ववर्ती दिन से अभिप्रेत होगा वह अंतिम दिन, जिस दिन कर्मचारी ने कार्य किया है और जो विश्राम दिन के पहले था।

(5) इस नियम के प्रावधान, किसी कर्मचारी या श्रमिक को किसी अन्य कानून या किसी अधिनिर्णय, करार अथवा सेवा संविदा की शर्तों के अधीन मिलने वाली किसी भी अधिक अनुकुल शर्तों पर यदि कोई है तो प्रतिकुल प्रभाव नहीं डालेंगे और ऐसे मामले में कर्मचारी या श्रमिक मात्र पूर्वोक्त अधिक अनुकुल शर्तों के हकदार होंगे।

स्पष्टीकरण– इस नियम के प्रयोजनार्थ, 'सप्ताह' से अभिप्रेत है शनिवार रात्रि की अर्द्ध रात्रि से शुरू होकर सात दिन की अवधि।

7. **रात्रि पाली**.– जहाँ पर कर्मचारी या श्रमिक नियोजन में पाली में कार्य करता है जो अर्द्ध रात्रि के बाद तक जारी रहती है, तब–

(क) नियम 6 के प्रयोजनों के लिए पूरे दिन के लिए एक आराम दिन, से अभिप्रेत है, चौबीस निरंतर घंटे की अवधि जो उसकी पारी समाप्त होने से प्रारंभ होता है और

(ख) ऐसे मामले में अगला दिन, ऐसी पाली के समाप्त होने के समय से शुरू होकर चौबीस घंटे की अवधि का होगा, और अर्द्ध रात्रि के बाद के घंटों की गणना, जिसमें ऐसे कर्मचारी या श्रमिक ने कार्य किया है, पूर्व दिवस में की जावेगी।

8. **कुछ श्रेणियों के कर्मचारियों के लिए कार्य समय और कार्य अवधि के विस्तार की सीमा एवं शर्तें** .– धारा 13 की उप–धारा (2) के अंतर्गत कर्मचारी या श्रमिक के मामले में :–

(क) आपात स्थिति में कार्यरत है, जिसका पूर्वानुमान नहीं किया या उसे रोका नहीं जा सकता था;

(ख) प्रारंभिक या पूरक प्रकृति के कार्यों में लगा हुआ है जिसे अनिवार्य रूप से संबंधित रोजगार में सामान्य कार्य के लिए निर्धारित बाहरी सीमाओं पर कराया जाना चाहिए;

(ग) जिसका रोजगार मूलतः अनियंत्रित है;

(घ) ऐसे कार्य में लगा हुआ है जिसे तकनीकी कारणों से ड्यूटी समाप्त होने से पूरा किया जाना है; और

(ङ) ऐसे कार्य में लगा हुआ है, जिसे प्राकृतिक शक्तियों की अनियमित क्रिया पर कभी–कभी निर्भर होने के सिवाय नहीं किया जा सकता था;

कार्य घंटों की संख्या जो एक या एक से अधिक निर्दिष्ट अंतराल सहित एक सामान्य कार्य दिवस का गठन करेगी और कर्मचारी के कार्य घंटों का प्रसार नियम 6 के तहत समय–समय पर जारी सामान्य या विशेष आदेश द्वारा निर्दिष्ट घंटों की संख्या से अधिक हो सकता है।

9. **लम्बी मजदूरी अवधि**.– धारा 14 के अंतर्गत मजदूरी की न्यूनतम दर के प्रयोजनार्थ लम्बी मजदूरी अवधि एक महीना होगी।

अध्याय–तीन
मजदूरी का भुगतान

10. **संविदात्मक कर्मचारियों को मजदूरी का भुगतान**.– जहाँ कर्मचारी किसी प्रतिष्ठान में ठेकेदार के माध्यम से नियोजित है, वहाँ, वह कंपनी अथवा फर्म अथवा संघ अथवा अन्य कोई व्यक्ति जो उस प्रतिष्ठान का मालिक है, ठेकेदार को उसके द्वारा देय राशि का भुगतान वेतन के भुगतान की तारीख से पहले करेगा ताकि कर्मचारियों को वेतन का भुगतान धारा 17 के उपबंधो के अनुसार किया जा सके।

स्पष्टीकरण– इस नियम के प्रयोजनार्थ शब्द ''फर्म'' का वही अर्थ होगा जो इसका अर्थ भारतीय साझेदारी अधिनियम, 1932 (1932 का 9) में है।

11. **सामान्य कार्य–दिवस से कम के लिए मजदूरी का भुगतान.**– कर्मचारी, धारा 10 के अंतर्गत पूर्ण सामान्य कार्य दिवस के लिये मजदूरी प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा, यदि वह तत्समय लागू अन्य किसी विधि के अंतर्गत ऐसी मजदूरी का हकदार नहीं है।

12. **कटौतियों की वसूली.**– धारा 18 की उप–धारा (4) के अनुसार, जहाँ धारा 18 की उप–धारा (2) के अंतर्गत प्राधिकृत कुल कटौतियां कर्मचारी की मजदूरी के पचास प्रतिशत से अधिक है, तब अधिकता को अग्रेनीत किया जाएगा और उत्तरवर्ती मजदूरी अवधि या अवधियों, जैसी भी स्थिति हो, से ऐसी किस्तों में वसूल की जाएगी, जिससे किसी भी माह में वसूली उस माह में कर्मचारी की मजदूरी की पचास प्रतिशत से अधिक न हो।

13. **कृत्यों और चूकों के लिए जुर्माना अधिरोपित करने के लिए अनुमोदन प्राधिकारी.**– सहायक श्रम आयुक्त या श्रम पदाधिकारी, जिसके पास संबंधित कर्मचारी के कार्य स्थल का क्षेत्राधिकार है, धारा 19 की उप–धारा (1) के प्रयोजनार्थ प्राधिकारी होगा।

14. **कृत्यों और चूकों को निर्धारित करने वाले सूचना प्रदर्शित करने की पद्धति.**– धारा 19 की उप–धारा (2) में निर्दिष्ट सूचना भौतिक रूप में या इलेक्ट्रॉनिक रूप में हिन्दी, अंग्रेजी और स्थानीय भाषा में उस कार्य स्थान के परिसर में, जिसमें रोजगार किया जाता है, सहजदृश्य स्थानों पर प्रदर्शित किया जाएगा, ताकि प्रत्येक संबंधित कर्मचारी सूचना की विषय–वस्तु को आसानी से पढ़ सके और सूचना की एक प्रति इलेक्ट्रॉनिक रूप से या पंजीकृत डाक द्वारा अधिकारिता रखने वाले निरीक्षक–सह–सुविधा प्रदाता को भेजी जाएगी।

15. **जुर्माना अधिरोपित करने की प्रक्रिया** – (1) धारा 19 की उप–धारा (3) के अनुसार, नियम 13 में उल्लिखित सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी को, नियोक्ता, जुर्माना लगाने की स्वीकृति प्राप्त करने के लिए, विस्तृत विवरणों की सूचना इलेक्ट्रॉनिक रूप में अथवा लिखित रूप में देगा, जिसमें कर्मचारी द्वारा किये गये कृत्यों और चूकों का विवरण निर्दिष्ट होगा, जो जुर्माना अधिरोपित किये जाने का औचित्य सिद्ध करते है और कारण दर्षानें के लिए 15 दिनों के भीतर का अवसर दिया जायेगा।

(2) दोषी कर्मचारी पर जुर्माना स्थापित आरोपों के लिए अधिरोपित किया जायेगा।

(3) जहां निर्धारित अवधि के भीतर कर्मचारी से कोई उत्तर प्राप्त नहीं होता है वहां जुर्माना अधिरोपित किया जायेगा, और ऐसे जुर्माना अधिरोपण की दिनांक से 15 दिनों के भीतर इसकी सूचना कर्मचारी को दी जायेगी।

16. **कर्तव्य से अनुपस्थिति के लिए कटौती की सूचना.**– (1) जब कोई नियोक्ता, धारा 20 की उप–धारा (2) के उपबंध के अनुसरण में, कोई कटौती करने का आशय रखता है, तब वह संबंधित कर्मचारी को इलेक्ट्रॉनिक रूप से या लिखित रूप में ऐसी कटौती

करने के अपने आशय के संबंध में सूचित करेगा और सात दिनों की अवधि के भीतर उत्तर देने का अवसर देगा, और आरोप स्थापित होने पर, धारा 18 की उप–धारा (3) के अनुसार कर्मचारी की मजदूरी से कटौती की जाएगी।

(2) यदि संबंधित कर्मचारी से सात दिनों के भीतर कोई उत्तर प्राप्त नहीं होता है, तो नियोक्ता ऐसी कटौती करेगा और ऐसी कटौती दिनांक से पंद्रह दिनों के भीतर इसकी सूचना कर्मचारी को दी जायेगी।

17. **क्षति या हानि के लिए कटौती की प्रक्रिया**.–यदि कोई नियोक्ता कर्मचारी के वेतन से धारा 21 की उप–धारा (1) के प्रावधान अंतर्गत नुकसान अथवा हानि के लिये कटौती करना चाहता है, तो वह –

(एक) कर्मचारी को उसकी निगरानी के लिये उसे सौंपे गये समान के नुकसान अथवा हानि अथवा धन के नुकसान के लिये जिसके लिये वह उत्तरदायी है तथा किसी प्रकार से ऐसे नुकसान अथवा हानि के लिये प्रत्यक्ष रूप से उस कर्मचारी की उदासीनता अथवा चूक उत्तरदायी है, के मूल्य के बारे में लिखित में कर्मचारी को विस्तारपूर्वक सूचित करेगा, और

(दो) कर्मचारी को स्पष्टीकरण देने का अवसर देगा तथा तत्पश्चात् किसी नुकसान अथवा हानि के लिये यदि कोई कटौती की जाती है, तो ऐसी कटौती करने की तारीख से 15 दिन के भीतर इसकी सूचना कर्मचारी को दी जाएगी।

18. **अग्रिम की वसूली के संबंध में शर्तें**.– वसूली –

(एक) धारा 23 के खण्ड (ख) के अंतर्गत नियोजन प्रारम्भ होने के पश्चात् कर्मचारी को दिया गया अग्रिम धन; अथवा

(दो) किसी कर्मचारी को वेतन का अग्रिम, जो उसने धारा 23 के खण्ड (ग) के अंतर्गत अर्जित नहीं किया है,

जैसी भी स्थिति हो, के भुगतान नियोक्ता द्वारा निर्धारित किश्तों में संबंधित कर्मचारी के वेतन से नियोक्ता द्वारा किया जाएगा, ताकि कोई एक किश्त अथवा सभी किश्तें उस वेतन अवधि में कर्मचारी की वेतन अवधि में नियम 12 में निर्दिष्ट सीमा के अधीन, वेतन के पचास प्रतिशत से अधिक नहीं होंगी तथा ऐसी वसूली का विवरण प्ररूप–चार में रखे गए पंजी में दर्ज किया जाएगा।

19. **ऋण के वसूली के लिए कटौती.**—संहिता की धारा 24 के अनुसार भवन निर्माण अथवा अन्य प्रयोजनों के लिए स्वीकृत ऋणों और उन पर देय ब्याज की वसूली हेतु कटौतियां ऐसे ऋणों को स्वीकृत करने की सीमा तथा इन पर देय ब्याज दर का विनियमन, राज्य शासन द्वारा समय–समय पर दिए गये विद्यमान निर्देश अथवा जारी दिशा निर्देशों के अध्यधीन होंगी।

अध्याय–चार
राज्य सलाहकार मंडल

20. **मंडल का गठन.**— मंडल का गठन धारा 42 की उप–धारा (4) के अधीन राज्य सरकार द्वारा किया जायेगा जो राज्य शासन द्वारा नामनिर्दिष्ट व्यक्तियों से मिलकर बनेगा।

21. **मंडल की बैठक.**— अध्यक्ष, नियम 23 के प्रावधान के अध्यधीन, किसी भी समय, जैसा कि वह उचित समझे, मण्डल की बैठक बुला सकता है, जब तक स्पष्टतः संहिता के प्रावधानों के विपरीत न हो, बैठक के लिए कम से कम आधे सदस्यों से अनुरोध प्राप्त होने पर, अध्यक्ष, इस तरह के अनुरोध के प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर बैठक आहूत करने के लिए बाध्य होगा।

22. **बैठक की सूचना.**— अध्यक्ष प्रत्येक बैठक की तारीख, समय एवं स्थान का निर्धारण करेंगे तथा उक्त विवरण को शामिल करते हुए बैठक में की जाने वाली कार्यसूची के साथ उल्लेखित सूचना ऐसे बैठक के निर्धारित तारीख से कम से कम 15 दिन पहले पंजीकृत डाक एवं इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रत्येक सदस्य को भेजा जाएगाः

परंतु आकस्मिक बैठक के मामले में प्रत्येक सदस्य को केवल 07 दिन की सूचना दिया जा सकता है।

23. **अध्यक्ष के कार्य.**— अध्यक्ष

(एक) मंडल की बैठको की अध्यक्षता करेंगेः

परंतु, किसी बैठक में अध्यक्ष की अनुपस्थिति में, सदस्य अपने में से उस बैठक की अध्यक्षता करने हेतु मतो के बहुमत से सदस्य का चुनाव करेंगे;

(दो) मंडल की प्रत्येक बैठक की कार्यसूची का निर्धारण करेंगे;

(तीन) जहाँ मंडल की बैठक में किसी मुद्दे का निर्णय मतदान द्वारा करना हो, वहॉ मतदान आयोजित कराऐंगे और बैठक में गुप्त मतदान की गणना करेंगे या कराने का प्रबंध करेंगे।

(चार) ऐसे अन्य कार्य करेगा जो राज्य शासन द्वारा समय–समय पर सौंपे जायेंगे।

24. **बैठक के लिए गणपूर्ति**.– जब तक स्पष्टतः संहिता में इसके विपरीत उपबंधित न हो– किसी भी बैठक में तब तक कोई कार्य नहीं किया जाएगा जब तक कि कम से कम एक तिहाई सदस्य और नियोक्ता और कर्मचारी दोनों की ओर से कम से कम एक प्रतिनिधि सदस्य उपस्थित न हों:

परंतु यदि किसी बैठक में एक तिहाई सदस्यों से कम सदस्य उपस्थित है तो अध्यक्ष उस बैठक को मूल बैठक की तारीख से अधिकतम 07 दिन के लिये स्थगित कर सकते है तथा ऐसे स्थगित बैठक में कार्य का निपटान वैध हो जाएगा चाहे उपस्थित सदस्यों की संख्या कुछ भी हो:

परंतु ऐसे स्थगित बैठक की तारीख समय, स्थान एवं कार्यसूची (एजेंडा) सहित सूचना, मंडल के सभी सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अथवा पंजीकृत डाक से सूचित किया जावेगा।

25. **मंडल के कार्य का निपटान**.– मंडल के सभी कार्यो का मंडल की बैठक में विचार किया जायेगा तथा उपस्थित सदस्यों तथा मतदान करने वाले बहुमत के द्वारा कार्यों का निर्णय लिया जाएगा तथा बराबर मत होने पर अध्यक्ष का मत निर्णायक होगा:

परंतु, अध्यक्ष, यदि उचित समझे, तो निर्देश दे सकते है कि किसी मामले के संबंध में निर्णय आवश्यक दस्तावेजों के परिचालन तथा सदस्यों का लिखित मत प्राप्त करके किया जाएगा।

इसके अलावा कि पूर्ववर्ती परंतुक के अंतर्गत किसी मामले में कोई निर्णय नहीं लिया जाएगा, जब तक कि न्यूनतम दो–तिहाई सदस्य इसका समर्थन न करे।

26. **मतदान का तरीका**.– मंडल में मतदान सामान्यतः हाथ उठाकर किया जाएगा परंतु यदि सदस्य बैलेट द्वारा मतदान की मांग करता है अथवा यदि अध्यक्ष ऐसा निर्णय लेते है, तो मतदान गुप्त बैलेट द्वारा, अध्यक्ष द्वारा यथा निर्धारित रीति से कराया जाएगा।

27. **गवाहों को आहूत करना एवं दस्तावेजों का प्रस्तुतीकरण**.– (1) अध्यक्ष अपने कर्तव्य के निर्वहन के दौरान आवश्यकता पड़ने पर, किसी व्यक्ति को गवाह के रूप में पेश होने के लिए और किसी भी व्यक्ति को दस्तावेज प्रस्तुत करने की आवश्यकता होने पर बुला सकते हैं।

(2) प्रत्येक व्यक्ति जिसे बुलाया जाता है और मंडल के सामने, जब वह गवाह के रूप में पेश होता है, उसके द्वारा किये व्यय के लिए, सिविल न्यायालय में पेश होने वाले

गवाहों को इस तरह के भत्ते के भुगतान के लिए लागू मापदंड अनुरूप भत्ते की पात्रता होगी।

28. **बैठक की कार्यवाही**.—(1) मंडल की प्रत्येक बैठक की कार्यवाहियाँ जिनमें अन्य बातों के साथ–साथ बैठक में उपस्थित सदस्यों के नाम दर्शाते हुए, बैठक के तुरंत बाद हर हाल में अगली बैठक से 7 दिन पहले प्रत्येक सदस्य तथा राज्य सरकार को अग्रेषित की जाएगी।

(2) मंडल की प्रत्येक बैठकों की कार्यवाहियों की अगली बैठक में आवश्यक समझे जाने वाले संशोधनों यदि कोई हो, के साथ पुष्टि की जाएगी।

29. **बोर्ड के सदस्यों का कार्यकाल**.— जब तक स्पष्टतः संहिता या नियमों में इसके विपरीत उपबंधित न हो—

(1) अध्यक्ष या सदस्य का कार्यकाल सामान्यतः तीन वर्ष होगा, जो धारा 42 की उप–धारा (4) के अधीन नियुक्ति या नामांकन की तिथि से प्रारंभ होगाः

परंतु ऐसे अध्यक्ष अथवा सदस्य, तीन वर्ष की उक्त अवधि की समाप्ति होने के बावजूद अपने उत्तराधिकारी की नियुक्ति अथवा नामांकन जैसा भी मामला हो, तक अपने पद पर बने रहेंगे।

(2) राज्य शासन के पास एक आकस्मिक रिक्ति को भरने की शक्ति होगी, और इस प्रकार नामांकित सदस्य, उस सदस्य के पद की शेष अवधि के लिए पद धारण करेगा, जिसके स्थान पर वह नामांकित है, या जब तक नियमित पदाधिकारी कार्यभार ग्रहण नहीं कर लेता, तब तक, जो भी पहले हो।

(3) मंडल के अधिकारिक सदस्य तब तक अपने पद पर बने रहेंगे जब तक कि उनका स्थान उनके जैसे अन्य अधिकारिक सदस्यों द्वारा न ले लिया जाए।

(4) उप–नियम (1), (2), एवं (3) में शामिल किसी बात के होते हुए भी मंडल के सदस्य राज्य शासन की इच्छा तक अपने पद पर बने रहेंगे।

30. **यात्रा भत्ता**.— अध्यक्ष तथा मंडल के प्रत्येक सदस्य, अपने कर्तव्यों के निर्वहन के संबंध में उसके द्वारा की गई किसी भी यात्रा के लिये, राज्य शासन के प्रथम श्रेणी अधिकारियों के लिये लागू दरों तथा शर्तों के अधीन यात्रा एवं ठहराव भत्ता प्राप्त करने के हकदार होंगे।

31. **अधिकारी एवं स्टॉफ.**– राज्य शासन मंडल के कार्य संचालन के लिये आवश्यक समझे जाने पर, एक सचिव जो छत्तीसगढ़ शासन, श्रम विभाग के उप श्रमायुक्त पद से नीचे का न हो तथा अन्य अधिकारी और कर्मचारी मंडल को उपलब्ध करा सकती है।

32. **मंडल के सदस्यों के पुनर्नामांकन हेतु पात्रता.**– एक निवृत्तमान सदस्य मंडल के सदस्यों के लिये पुनर्नामांकन हेतु पात्र होगा परंतु वह कुल दो कार्यकाल के लिये सदस्य रह सकता है।

33. **मंडल के अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों का त्यागपत्र.**– (1) अध्यक्ष के अलावा मंडल का सदस्य, अध्यक्ष को लिखित में सूचना देकर, अपनी सदस्यता से त्यागपत्र दे सकता है और अध्यक्ष, राज्य शासन को संबोधित एक पत्र द्वारा त्यागपत्र दे सकता है।

(2) त्यागपत्र स्वीकृति की सूचना के तारीख से अथवा नोटिस भेजने की तारीख से, जो भी पहले हो, 30 दिनों की समाप्ति पर प्रभावी होगा।

(3) जब मंडल की सदस्यता में कोई रिक्ति उद्भूत होती है या होने की संभावना होती है, तो अध्यक्ष, तुरंत राज्य शासन को एक रिपोर्ट सौंपेंगे और राज्य शासन, संहिता के प्रावधानों के अनुसार रिक्ति को भरने हेतु उपाय करेगी।

34. **सदस्यता का समाप्त होना.**– यदि मंडल का कोई सदस्य, अध्यक्ष को पूर्व सूचना दिये बिना, तीन लगातार बैठकों में अनुपस्थित हो जाता है तो वह मंडल का सदस्य नही रहेगा।

35. **अयोग्यता.**– (1) एक व्यक्ति, मंडल का सदस्य रहने और नामांकित होने के लिए अयोग्य हो जाएगा –

(एक) यदि वह सक्षम न्यायालय द्वारा विकृत चित का घोषित किया गया हो; या

(दो) यदि वह अनुन्मोचित दिवालिया है; या

(तीन) यदि संहिता लागू होने से पहले या बाद में, उसे नैतिक अधमता के दांडिक अपराध में दोष सिद्ध ठहराया गया है।

(2) यदि उप–नियम (1) के तहत् अयोग्य ठहराये जाने के संबंध में कोई प्रश्न उठाता है तो राज्य शासन का निर्णय अंतिम होगा।

अध्याय–पाँच
बकाया का भुगतान, दावे इत्यादि

36. **कर्मचारी की मृत्यु होने पर निर्देशिती को असंवितरित देय राशि का भुगतान.**– (1) (क) धारा 44 की उप–धारा (1) के खण्ड (क) के अनुसरण में, प्रत्येक कर्मचारी प्ररूप–सात

में भौतिक रूप से या इलेक्ट्रॉनिक रूप से घोषणा करेगा, जिसमें वह किसी व्यक्ति को नामित करेगा, जिसे उसकी मृत्यु की स्थिति में वह राशि प्राप्त करने का अधिकार होगा जो उसके खाते में जमा है, चाहे वह राशि अभी देय न हुई हो, या फिर देय हो गई हो लेकिन उसका भुगतान अभी तक न किया गया हो।

(ख) यदि नामांकन करते समय कर्मचारी का कोई परिवार है, तो नामांकन उसके पति/पत्नी के पक्ष में अथवा उसके बाद उसके परिवार के एक या अधिक सदस्यों के पक्ष में किया जाएगाः

परंतु यह कि किसी कर्मचारी द्वारा, जिसका अपना परिवार है, अपने परिवार के सदस्य के अलावा किसी अन्य व्यक्ति के पक्ष में किया गया नामांकन अवैध होगाः

परंतु यह और प्रावधान है कि कर्मचारी द्वारा अपने विवाह के पश्चात् अपने जीवनसाथी के लिए नया नामांकन किया जाएगा तथा ऐसे विवाह से पूर्व किया गया कोई भी नामांकन अवैध माना जाएगा।

(ग) जहाँ नामांकन पूर्णतः या अंशतः अवयस्क के पक्ष में है, वहाँ कर्मचारी अपने परिवार के किसी वयस्क व्यक्ति को अवयस्क नामिती का संरक्षक नियुक्त कर सकता है, अथवा जहाँ परिवार में कोई वयस्क व्यक्ति नहीं है, वहां वह अपने विवेकानुसार किसी अन्य व्यक्ति को अवयस्क नामिती का संरक्षक नियुक्त कर सकता है।

(घ) यदि कर्मचारी एक से अधिक सदस्यों को नामित करता है, तो वह नामांकन में अपने विवेकानुसार अपने प्रत्येक नामिती को देय राशि या अंश निर्दिष्ट करेगा, ताकि उसके खाते में जमा पूरी राशि को कवर किया जा सके।

(2) जब संहिता के अंतर्गत कर्मचारी को देय कोई राशि उसकी मृत्यु अथवा उसका ठिकाना नही पता होने के कारण उसको देना बकाया है, तथा इस राशि के कर्मचारी को देय होने की तारीख से तीन माह की समाप्ति तक कर्मचारी के नामिती को यह राशि भुगतान नही की जा सकी, तो नियोक्ता द्वारा यह राशि क्षेत्राधिकार वाले सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी के पास जमा की जावेगी, जो उसके पास राशि जमा कराने की तारीख के दो माह के अंदर कर्मचारी द्वारा नामित व्यक्ति की पहचान का पता लगाकर उस राशि का वितरण करेगा।

37. **कर्मचारी की मृत्यु होने पर असंवितरित बकाया जमा करना.**– (1) जहां धारा 44 की उप–धारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन किसी कर्मचारी को देय कोई राशि कर्मचारी द्वारा नामांकन नहीं करने के कारण अथवा अन्य किसी कारण से असंवितरित रह जाती है, तथा इस राशि के देय होने की तारीख से छः माह की समाप्ति तक कर्मचारी के नामिति को इस राशि का भुगतान नहीं किया जा सका, तो नियोक्ता द्वारा ऐसी सम्पूर्ण राशि छः माह की उक्त अवधि के अंतिम दिन से 15 दिन की समाप्ति के पहले उस क्षेत्राधिकार वाले सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी के पास जमा की जाऐगी।

(2) उप–नियम (1) में संदर्भित राशि नियोक्ता द्वारा क्षेत्राधिकार वाले सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी के पास बैंक अंतरण अथवा भारत में किसी अनुसूचित बैंक से उस सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी के पक्ष में जारी रेखांकित डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा की जाएगी।

38. **असंवितरित जमा राशि के निपटान की रीति.**– (1) नियम 37 के उप–नियम (1) में निर्दिष्ट राशि (जिसे इस नियम में आगे राशि कहा गया है) क्षेत्राधिकार रखने वाले श्रम पदाधिकारी या सहायक श्रम आयुक्त के पास जमा की जाएगी और उसके पास ही रहेगी तथा अनुसूचित बैंक में केंद्र या राज्य सरकार की प्रतिभूतियों में सावधि जमा के रूप में निवेश की जाएगी।

(2) क्षेत्राधिकार रखने वाले श्रम पदाधिकारी या सहायक श्रम आयुक्त यथाशीघ्र राशि के संबंध में ऐसी जानकारी सूचना बोर्ड पर कम से कम पंद्रह दिनों के लिए नोटिस प्रदर्शित करेगा, जिसे श्रम पदाधिकारी या सहायक श्रम आयुक्त सूचना के लिए पर्याप्त समझते हैं और साथ ही उस नोटिस को उस क्षेत्र में प्रचलित स्थानीय भाषा के किन्हीं दो समाचार पत्रों में प्रकाशित करेगा जहाँ अवितरित मजदूरी अर्जित की गई थी।

(3) क्षेत्राधिकार रखने वाले श्रम पदाधिकारी या सहायक श्रम आयुक्त नामित व्यक्ति या उस व्यक्ति को राशि जारी करेगा जिसने ऐसी राशि का दावा किया है, जैसा भी मामला हो, जिसके पक्ष में श्रम पदाधिकारी या सहायक श्रम आयुक्त ने सुनवाई का अवसर देने के बाद भुगतान की जाने वाली राशि का निर्णय किया है।

(4) यदि यह असंवितरित राशि सात वर्ष के लिए अदावाकृत रहती है, तो इसका निपटान इस संबंध में राज्य शासन द्वारा समय–समय पर जारी प्रशासकीय निर्देश के अनुरूप किया जाएगा।

अध्याय–छः
प्रपत्र, पंजी एवं वेतन पर्ची

39. **विवरणियां**.– व्यावसायिक, सुरक्षा स्वास्थ्य और कार्य दशाएं संहिता, 2020 (2020 का 37) के अंतर्गत बनाए गए नियमों में किसी प्रतिष्ठान, जिस पर यह संहिता लागू होती है, के प्रत्येक नियोक्ता द्वारा ऐसे प्रयोजनों के लिए निर्धारित प्रपत्र के संबंधित कॉलमों में इलेक्ट्रॉनिक रूप से विवरणी दाखिल की जायेगी। ऐसे विवरणी की एक प्रति उस क्षेत्र के लिए नियुक्त निरीक्षक सह सेवा प्रदाता को भी इलेक्ट्रॉनिक रूप से भेजी जाएगी।

40. **दावे दाखिल करने के लिए प्ररूप और प्रक्रिया**.– (1) धारा 45 की उप–धारा (5) के अंतर्गत आवेदन प्ररूप–दो में एकल आवेदन मैन्युअल रूप से या इलेक्ट्रॉनिक रूप से उक्त प्ररूप में निर्दिष्ट दस्तावेजों के साथ दायर किया जा सकता है।

(2) जहाँ धारा 45 की उप–धारा (5) के अधीन कोई आवेदन ग्रहण किया जाता है, वहां प्राधिकारी नियोक्ता को प्ररूप–आठ में इलेक्ट्रॉनिक रूप से या पंजीकृत डाक द्वारा एक नोटिस तामील करेगा कि वह नोटिस में विनिर्दिष्ट तारीख को सभी सुसंगत दस्तावेजों और साक्षियों, यदि कोई हों, के साथ उसके समक्ष उपस्थित हो और आवेदक को इस प्रकार विनिर्दिष्ट तारीख की सूचना देगा।

(3) यदि नियोक्ता या उसका प्रतिनिधि निर्दिष्ट तिथि को उपस्थित होने में असफल रहता है, तो प्राधिकारी आवेदन पर सुनवाई कर, उस पर एकपक्षीय निर्णय दे सकेगा।

(4) यदि आवेदक अथवा उसका प्रतिनिधि अग्रिम रूप से कोई तर्कसंगत कारण दिये बिना निर्धारित तारीख को उपस्थित नहीं होता है तो प्राधिकारी आवेदन को खारिज कर सकता है।

(5) धारा 45 की उप–धारा (5) के तहत् नियोजित व्यक्तियों के एक समूह के संबंध में उनकी ओर से एक एकल आवेदन प्ररूप–दो में निर्दिष्ट तरीके से प्रस्तुत किया जा सकता है यदि वे एक ही प्रतिष्ठान में कार्य करते हो और उनका दावा समान वेतन अवधि या अवधियों या एक ही भेद की घटना से संबंधित है।

(6) प्राधिकारी उप–नियम (1) के तहत् प्रस्तुत किए गए किसी भी अलग–अलग लंबित आवेदनों से उप–नियम (2) के तहत् प्रस्तुत एकल आवेदन के रूप में विचार कर सकता है।

41. **अपील दायर करने की प्रक्रिया**.– (1) धारा 45 की उप–धारा (2) के अधीन प्राधिकारी द्वारा पारित आदेश से व्यथित कोई व्यक्ति धारा 49 की उप–धारा (1) के अधीन प्ररूप–तीन में इलेक्ट्रॉनिक रूप से या पंजीकृत डाक द्वारा, अपीलकर्ता द्वारा उक्त प्ररूप

में उल्लिखित दस्तावेजों के साथ, अधिकारिता रखने वाले अपीलीय प्राधिकारी को अपील कर सकता है।

बशर्ते कि नियोक्ता द्वारा की गई कोई अपील तब तक स्वीकार नहीं की जाएगी जब तक कि अपील करते समय अपीलकर्ता ने अपीलीय प्राधिकारी के पास उस निर्देश के तहत देय राशि जमा नहीं कर देता, जिसके खिलाफ अपील की गई है।

(2) यदि धारा 49 की उप–धारा (1) के अंतर्गत किसी अपील पर विचार किया जाता है तो अपीलीय प्राधिकारी के सामने उपस्थिति की पहली तारीख से पहले, आवेदक, जिसके विरूद्ध उक्त अपील लाया गया है, उन पक्षकार (या पक्षकारों) के लिए अपील की एक ऐसी प्रति प्रदान करेगा और पक्षकार (या पक्षकारों) को उपस्थिति के लिए तय की गई तारीख, समय और स्थल के बारे में प्ररूप–आठ में इलेक्ट्रॉनिक अथवा पंजीकृत डाक द्वारा सूचित करेगा।

(3) अपीलीय प्राधिकारी अपीलकर्ता और प्रतिवादी के साथ सुनवाई करने के बाद आदेश द्वारा अपील पर निर्णय लेगा।

(4) यदि पक्षकार (या पक्षकारों), जिनके विरूद्ध अपील किया गया है, वह उपस्थिति की पहली तारीख को उपसंजात होने में विफल रहता है तो प्राधिकारी या अपीलीय प्राधिकारी उक्त पक्षकार (या पक्षकारों) के अपील की प्रति पंजीकृत डाक और इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से तामिल कराएगा।

(5) पक्षकार (या पक्षकारों), जिसके विरूद्ध अपील दायर किया गया है, उनकी उपस्थिति होने पर प्राधिकारी या अपीलीय प्राधिकारी जवाब दाखिल करने के लिए ऐसे पक्षकार (या पक्षकारों) को अवसर प्रदान कर सकता है।

(6) प्रतिपादन पूर्ण होने पर, प्राधिकारी साक्ष्यों की सुनवाई के लिए तारीख तय कर सकता है, और उसके बाद प्राधिकारी/अपीलीय प्राधिकारी तर्क सुनने की कार्यवाही कर सकता है, और दायर अपील निर्णित कर सकता है।

(7) यदि अनावेदक या उसका प्रतिनिधि निर्दिष्ट तिथि पर उपस्थित होने में विफल रहता है, तो प्राधिकारी आवेदन पर सुनवाई कर, एक पक्षीय निर्णय निर्धारित कर सकता है।

(8) यदि आवेदक या उसका प्रतिनिधि, निर्दिष्ट तिथि को उपस्थित होने में विफल रहता है, तो प्राधिकारी आवेदन को खारिज कर सकता है।

42. (क) **पंजी इत्यादि का प्ररूप**.– (1) धारा 19 की उप–धारा (8) में संदर्भित सभी जुर्माने एवं उनकी वसूलियों का विवरण, नियोक्ता द्वारा इन नियमों के साथ संलग्न

प्ररूप–चार के रूप में रखे जाने वाले पंजी में इलेक्ट्रॉनिक रीति सें अथवा अन्य रूप से रखा जाएगा तथा उक्त उप–धारा (8) में संदर्भित प्राधिकारी, उस क्षेत्र के सहायक श्रमायुक्त अथवा श्रम पदाधिकारी होंगे।

(2) धारा 21 की उप–धारा (3) में संदर्भित सभी कटौतियों एवं वसूलियों का विवरण नियोक्ता द्वारा इन नियमों के साथ संलग्न प्ररूप–चार के रूप में रखे जाने वाले पंजी में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अथवा अन्य रूप में रखा जाएगा।

(3) किसी भी प्रतिष्ठान का प्रत्येक नियोक्ता जिस पर यह संहिता लागू होती है, वह धारा 50 की उप–धारा (1) के तहत् कर्मचारियों एवं श्रमिकों का विवरण इलेक्ट्रॉनिक अथवा अन्य किसी रूप में निम्नलिखित प्ररूप में पंजी रखेगाः

(एक) प्ररूप–एक में कर्मचारी रजिस्टर।

(दो) प्ररूप–चार में क्षति और हानि के लिये वेतन, ओवरटाईम, अग्रिम, जुर्माना और कटौती का रजिस्टर, तथा

(तीन) प्ररूप–नौ में उपस्थिति रजिस्टर सह मस्टर रोल।

(4) प्रत्येक नियोक्ता, प्ररूप–सात में प्रत्येक कर्मचारी/श्रमिक से नामांकन प्ररूप भरवायेगा।

(ख) इन नियमों के अधीन बनाए रखे जाने वाले रजिस्टरों को उनमें की गई अंतिम प्रविष्टि की तारीख से पांच वर्ष की अवधि तक संरक्षित रखा जाएगा।

43. **वेतन पर्ची**.– प्रत्येक नियोक्ता वेतन के भुगतान के समय अथवा उससे पहले, धारा 50 की उप–धारा (3) के अंतर्गत प्ररूप–पाँच में अपने कर्मचारियों एवं श्रमिकों को इलेक्ट्रॉनिक अथवा अन्य रीति से वेतन पर्ची जारी करेगा।

अध्याय–सात
निरीक्षण और कार्यान्वयन

44. **अपराधों के प्रशमन का तरीका**.– (1) यदि कोई दोषी व्यक्ति धारा 56 की उप–धारा (1) के तहत अपराध का प्रशमन चाहता है, तो वह उप–धारा (1) के अंतर्गत अधिसूचित राजपत्रित अधिकारी को प्ररूप–छः में इलेक्ट्रॉनिक रूप से अथवा अन्य रूप से आवेदन कर सकता है।

(2) उप–नियम (1) में संदर्भित राजपत्रित अधिकारी ऐसे आवेदन की प्राप्ति पर स्वयं सुनिश्चित करेगा कि वह अपराध, संहिता के अंतर्गत शमन योग्य है या नहीं और यदि अपराध शमन योग्य है तथा दोषी व्यक्ति शमन के लिये सहमत हो जाता है, तो संहिता के अंतर्गत ऐसे अपराध के लिये उपबंधित अधिकतम जुर्माने की पचास

प्रतिशत राशि पर अपराध की सुलह कर, ऐसे अधिकारी द्वारा जारी शमन आदेश के 30 दिनों के भीतर दोषी व्यक्ति द्वारा भुगतान किया जाएगा।

(3) प्रशमन अधिकारी प्ररूप 6 के भाग–ख में प्रशमन राशि की प्राप्ति के दस दिनों के भीतर ऐसे व्यक्ति को प्रशमन प्रमाणपत्र जारी करेगा, कि प्रशमन नोटिस की अनुपालन में ऐसी राशि प्राप्त की गई है।

(4) यदि कोई अभियुक्त व्यक्ति नोटिस प्राप्ति के पश्चात्, प्रशमन अधिकारी द्वारा निर्दिष्ट समय के भीतर प्रशमन राशि जमा करने में विफल रहता है, तो सक्षम न्यायालय के समक्ष ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध उन अपराधों के संबंध में अभियोजन आरम्भ किया जाएगा जिनके संबंध में शमन नोटिस जारी किया गया है।

(5) जहाँ अभियोजन संस्थित करने के पश्चात् उप–नियम (2) के अंतर्गत अपराध में सुलह की गई है, वहां वह अधिकारी, अपने द्वारा जारी किये गये ऐसे आदेश की प्रति धारा 56 की उप–धारा (6) के अंतर्गत आवश्यक कार्यवाही हेतु धारा 53 की उप–धारा (1) में संदर्भित अधिकारी को भेजेगा।

